# करेंट अफेयर्स टुडे

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

## परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## (जनवरी मैगज़ीन जाँच परीक्षा)

## दिनांक- 21.01.2018

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा हो तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिये।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिये।**
3. इस पंक्ति के साथ में दिये गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिये केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिये गए निर्देश देख लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिये कुछ पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिये दंड:**
    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिये गए गलत उत्तरों के लिये दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिये चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए एक गलत उत्तर के लिये प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, चाहे दिये गए उत्तरों में से एक उत्तर सही हो, उस प्रश्न के लिये उपर्युक्तानुसार ही दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिये **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संसद को न्यायाधीशों की संख्या कम करने का अधिकार नहीं है, किंतु बढ़ाने का है।
   2. सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश भारत के केवल उच्च न्यायालय में वकालत कर सकते हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. अभिलेख न्यायालय (Court of Records) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इस न्यायालय को अपने अवमानना (Contempt) के लिये दंड देने की शक्ति होती है।
   2. अनुच्छेद-129 में घोषणा की गई है कि सर्वोच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. न्यायिक पुनर्विलोकन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. संसद कुछ विशेष परिस्थिति को छोड़कर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति को कम नहीं कर सकती है।
   2. संविधान के किसी भी अनुच्छेद में इस शक्ति का स्पष्ट वर्णन नहीं किया गया है।
   3. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की तरह ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पास भी न्यायिक पुनर्विलोकन की अत्यंत व्यापक शक्ति प्राप्त है।

   कूट:
   (a) केवल 2 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

4. संविधान की व्याख्या का अंतिम तथा पूर्ण अधिकार निम्नलिखित में से किसके पास है?
   (a) संसद (b) सर्वोच्च न्यायालय
   (c) राष्ट्रपति (d) इनमें से कोई नहीं।

5. सरदार सरोवर बांध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस गुरुत्व बांध परियोजना की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा रखी गई।
   2. मेधा पाटेकर ने इस परियोजना के विरोध में 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' भी मज़बूत किया।
   3. यह महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

6. स्पार्क (SPARC) एक सौर ऊर्जा प्रधान सहकारी मॉडल है। हाल ही में इस मॉडल ने भारत के किस राज्य में सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है?
   (a) महाराष्ट्र (b) गुजरात
   (c) तमिलनाडु (d) तेलंगाना

7. भारत के किस राज्य में विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क स्थापित किया गया है?
   (a) हरियाणा (b) आंध्र प्रदेश
   (c) मध्य प्रदेश (d) तमिलनाडु

8. निम्नलिखित में से कौन-सी विधायी शक्तियाँ राज्यपाल के पास होती हैं?
   1. विधानमंडल के दोनों सदनों के सत्र को आहुत करना।
   2. विधानसभा का विघटन करना।
   3. संयुक्त अधिवेशन के समक्ष अभिभाषण करना।
   4. विधानमंडल का सत्रावसान करना।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी।

9. कॉफी क्लब के देशों ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता में किसी भी विस्तार का विरोध किया है। इस क्लब में निम्नलिखित में से कौन-सा देश शामिल नहीं है?
   (a) इटली (b) चीन
   (c) पाकिस्तान (d) दक्षिण कोरिया

10. एमडीआर (MDR) टीबी रोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
    1. यह विषाणु जनित रोग है।
    2. रोग से केवल कुपोषित एवं कमज़ोर व्यक्ति प्रभावित होते हैं।
    3. यह टीबी का बिगड़ा हुआ रूप है।

    कूट:
    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

11. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (नृत्य)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. भारतनाट्यम | 1. कर्नाटक |
| B. यक्षगान | 2. उत्तर प्रदेश |
| C. मोहनीअट्टम | 3. केरल |
| D. कत्थक | 4. तमिलनाडु |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

12. बेसल-II मानक निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) बैंकिंग तथा वित्तीय संस्थाओं से
(b) पर्यावरण संरक्षण से
(c) रक्षा क्षेत्र से
(d) इनमें से कोई नहीं।

13. मातृत्व लाभ संशोधन अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है।
2. शिशु गृह (क्रैच) सुविधा को कार्यस्थल के समीप अनिवार्य कर दिया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | (नृत्य) | | (संबंधित व्यक्ति) |
|---|---|---|---|
| (a) | भरतनाट्यम | : | शांता राव |
| (b) | कत्थक | : | कुमुदिनी लखिया |
| (c) | मणिपुरी | : | जमुना देवी |
| (d) | ओडिसी | : | भारती शिवाजी |

15. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) भारतीय संविधान में संसदीय व्यवस्था को फ्राँस से लिया गया है।
(b) ब्रिटिश संविधान की तरह ही भारतीय संविधान भी एक लिखित संविधान है।
(c) भारतीय संविधान एकात्मकता की ओर उन्मुख संघीय संविधान है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

16. प्ली बार्गेनिंग (Plea Bargaining) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) इसके तहत किसी आपराधिक मामले का अभियुक्त इस शर्त पर अपना अपराध कबूल कर लेता है कि उसे निर्धारित से कम सज़ा दी जाएगी।
(b) इस प्रक्रिया का मूल उद्देश्य मुकदमें की लम्बी कार्यवाही से बचना है।
(c) भारत में यह व्यवस्था सात वर्षों से अधिक कारावास की सज़ा पर लागू होती है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
(a) धन विधेयक राज्यपाल की अनुमति से विधानसभा में पेश किया जाता है।
(b) राज्यपाल के पास सैन्य एवं आपात संबंधी व राजनायिक शक्तियाँ भी प्राप्त हैं।
(c) राज्यपाल के पास ही मृत्युदंड को स्थगित एवं लघुकृत करने का अधिकार नहीं है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

18. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित विवाद का निपटान करने की शक्ति प्राप्त है?
(a) सर्वोच्च न्यायालय (b) उच्च न्यायालय
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं।

19. लोक अदालत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इन अदालतों के निर्णयों के खिलाफ किसी अपील का प्रावधान नहीं है।
2. अनुच्छेद-226 तहत के उच्च न्यायालय में इस अदालत के खिलाफ अपील की जा सकती है।
3. इस अदालत में निर्णय दोनों पक्षों की सहमति से होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. बेरूबाड़ी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के आधार पर मूल संरचना के सिद्धांत को स्पष्ट किया है।
2. केशवानन्द भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावना का मूल महत्त्व संविधान के अर्थ निर्धारण में है।

कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) अनुच्छेद-14 में नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत भी निहित है।
(b) अनुच्छेद-15 में वर्णित अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को उपलब्ध हैं।
(c) अनुच्छेद-16 में अवसर की समानता की गारंटी दी गई है।
(d) अनुच्छेद-17 के तहत उपाधियों के दुरुपयोग को रोकने के लिये राज्य को उपाधियाँ प्रदान करने से प्रतिबंधित करता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

22. प्रेस की स्वतंत्रता का अधिकार निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में निहित है?
    (a) अनुच्छेद-14 (b) अनुच्छेद-19(1)
    (c) अनुच्छेद-20(1) (d) अनुच्छेद-228

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. नए राज्यों की स्थापना या उनका प्रवेश आदि में परिवर्तन अनुच्छेद-368 के तहत संविधान संशोधन माना जाएगा।
    2. संसद, विधि द्वारा किसी राज्य का क्षेत्र घटा या बढ़ा सकती है तथा किसी राज्य की सीमाओं में या उसके नाम में परिवर्तन भी कर सकती है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

24. नागरिकता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    1. भारतीय नागरिकता स्थान आधारित है न कि वंश आधारित।
    2. अनिवासी भारतीयों (NRIs) को मत देने का पूरा अधिकार होता है।

    कूट:
    (a) केवल 1
    (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों
    (d) न तो 1 और न ही 2

25. उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद-21 का उदार निर्वचन करते हुए निम्नलिखित अधिकारों में से किन्हें शामिल किया है?
    1. सूचना का अधिकार
    2. आजीविका का अधिकार
    3. सोने का अधिकार
    4. निजता का अधिकार

    कूट:
    (a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
    (c) केवल 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी।

26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है।
    (a) शोषण के विरुद्ध अधिकार नागरिक और गैर-नागरिक दोनों को उपलब्ध हैं।
    (b) निवारक निरोधक की अधिकतम अवधि तय करने का अधिकार केवल सर्वोच्च न्यायालय के पास है।
    (c) अनुच्छेद-23 मानव के दुर्व्यापार और बालात् श्रम का निषेध करता है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

27. अनुच्छेद-32 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस अनुच्छेद के द्वारा दी गई न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति संविधान के मूल ढाँचे का हिस्सा है।
    2. संसद को यह अधिकार दिया गया है कि वह किसी अन्य न्यायालय को भी इन रिटों को जारी करने का अधिकार दे सकती है।
    3. संविधान ने मूल अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिटें निकालने की शक्ति केवल उच्चतम न्यायालय को दी है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    (a) केवल 3
    (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3
    (d) 1, 2 और 3

28. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| (अनुच्छेद) | | (प्रावधान) |
|---|---|---|
| (a) 39(क) | : | समान अवसर के आधार पर न्याय। |
| (b) 43(ख) | : | सहकारी समितियों का गठन। |
| (c) 47 | : | पर्यावरण संरक्षण। |
| (d) 51 | : | अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा की अभिवृद्धि। |

29. रिट अधिकारिता से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
    (a) उच्चतम न्यायालय केवल मूल अधिकारों के क्रियान्वयन के लिये ही रिट जारी कर सकता है।
    (b) उच्चतम न्यायालय रिट न्याय क्षेत्र को नकार नहीं सकता है।
    (c) उच्चतम और उच्च न्यायालय दोनों को किसी भी व्यक्ति या सरकार के विरुद्ध रिट जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

30. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
    (a) मूल अधिकार प्रवतनीय नहीं हैं जबकि नीति निदेशक तत्त्व प्रवर्तनीय हैं।
    (b) नीति निदेशक तत्त्व राज्य पर कर्त्तव्य आरोपित करते हैं।
    (c) मूल अधिकार युक्तियुक्त निर्बंधन से मुक्त होते हैं।
    (d) नीति निदेशक तत्त्व का अनुपालन व्यक्तिगत जागरूकता पर निर्भर करता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) भारत का राष्ट्रपति होने के लिये जन्म से भारत का नागरिक होना आवश्यक है।

(b) राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित विवादों की जाँच उच्चतम न्यायालय द्वारा की जाती है।

(c) राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिये किसी प्रत्याशी का नाम कम-से-कम 20 मतदाताओं द्वारा प्रस्तावित होना आवश्यक है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल्पसंख्यकों की पहचान के लिये राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 में बना।
2. अल्पसंख्यक समुदाय के अन्तर्गत केवल मुस्लिम, बौद्ध, पारसी तथा जैन को शामिल किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

33. हाल ही में किस राज्य की विधानसभा द्वारा अमानवीय प्रथाओं और काला जादू की रोकथाम और उन्मूलन विधेयक, 2017 को मंज़ूरी दी गई है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक

(c) तमिलनाडु (d) केरल

34. न्यायिक वेतन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस आयोग की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश श्री जे.पी. वेंकटरमण करेंगे।
2. इसका उद्देश्य न्यायिक प्रशासन में दक्षता लाना एवं न्यायपालिका के आकार को तर्कसंगत बनाना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

35. ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग, 2018 में भारत का कौन-सा स्थान है-

(a) 130वाँ (b) 100वाँ

(c) 190वाँ (d) 142वाँ

36. दीनदयाल स्पर्श योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके अंतर्गत कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के उन बच्चों को वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी जिनका शैक्षणिक परिणाम अच्छा है।
2. यह पूरे भारत के स्कूली बच्चों के लिये एक छात्रवृत्ति योजना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

37. हाल ही में जारी वैश्विक आशावादी सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें इंडोनेशिया शीर्ष स्थान पर है।
2. भारत का 7वाँ स्थान है।
3. यह सूचकांक अंतर्राष्ट्रीय बिज़नेस रिपोर्ट (IBR) द्वारा जारी किया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

38. भारत युवा विकास सूचकांक 2017 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचकांक राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसके ज़रिये कमज़ोर और बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की पहचान आसानी से हो सकेगी।
3. इसके द्वारा युवाओं के विकास को प्रभावित करने वाले पहलुओं को चिह्नित किया जा सकेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

39. निर्भय मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. यह लंबी दूरी की सुपरसोनिक गति से चलने वाली क्रूज़ मिसाइल है।
2. इसे केवल समुद्र से लाँच किया जा सका है।
3. इसकी मारक क्षमता 1000 किलोमीटर है।

कूट:

(a) केवल 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| (युद्धाभ्यास) | | (देश) |
|---|---|---|
| (a) सम्प्रीति-2017 | : | भारत-बांग्लादेश |
| (b) डी.ए.एन.एक्स-2017 | : | भारत-म्याँमार |
| (c) प्रबल दोस्तक-2017 | : | भारत-कज़ाखस्तान |
| (d) ब्लू फ्लैग-2017 | : | भारत-इज़राइल |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

41. इस्लामिक बैंकिंग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
   (a) यह वित्तीय व्यवस्था सूद नहीं लेने के सिद्धान्त पर चलती है।
   (b) इसमें लोन देने वाली पार्टियों की अपेक्षा लोन लेने वाली पार्टियों पर कम जोखिम होता है।
   (c) यह उन व्यवसायों में निवेश को भी प्रतिबंधित करता है, जो इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है।
   (d) इस बैंक में जो लोग पैसे जमा करवाते हैं वे जब मर्जी यहाँ से पैसा निकाल सकते हैं।

42. एपेक (APEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका 29वाँ सम्मेलन वियतनाम के दा नंग (Da Nang) में आयोजित हुआ।
   2. यह 21 देशों का समूह है।
   3. वार्षिक रूप से आयोजित होने वाला यह सम्मेलन अगले वर्ष पापुआ न्यू गिनी में आयोजित होगा।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित सागरों को दक्षिण से उत्तर सही क्रम में सजाएँ:
   1. सुलु सागर (Sulu Sea)
   2. सेलेबस सागर (Celebes Sea)
   3. दक्षिण चीन सागर (South China Sea)

   कूट:
   (a) $2 \rightarrow 3 \rightarrow 1$ (b) $3 \rightarrow 1 \rightarrow 2$
   (c) $1 \rightarrow 2 \rightarrow 3$ (d) $2 \rightarrow 1 \rightarrow 3$

44. पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश पद के लिये चुनाव हुए। इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) इस न्यायालय में 15 न्यायाधीशों की नियुक्ति 9 वर्षों के लिये की जाती है।
   (b) इसमें न्यायाधीशों का चुनाव जनरल एसेम्बली तथा सुरक्षा परिषद में पूर्ण बहुमत के आधार पर किया जाता है।
   (c) इसमें प्रत्येक तीन वर्ष बाद एक-तिहाई न्यायाधीश सेवानिवृत्त होते हैं।
   (d) इस न्यायालय में एक राष्ट्रीयता के दो न्यायाधीशों का चुनाव नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इसके न्यायाधीश अपने-अपने देशों का नेतृत्व करते है।

45. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में केंद्र द्वारा लगाए जाने वाले, किंतु राज्यों द्वारा एकत्रित तथा प्रयुक्त किये जाने वाले करों की चर्चा की गई है?
   (a) अनुच्छेद 268 (b) अनुच्छेद 269
   (c) अनुच्छेद 270 (d) अनुच्छेद 271

46. हाल ही में 'प्रधानमंत्री महिला शक्ति केंद्र' नामक एक नई योजना को मंज़ूरी प्रदान की गई है। निम्नलिखित में से कौन-से इस योजना के मुख्य लक्ष्य हैं?
   1. देश में घटते लिंगानुपात में सुधार करना।
   2. नवजात कन्या शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
   3. बालिकाओं की क्षमता का विकास करना।
   3. बालिकाओं की शिक्षा को सुनिश्चित करना।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी।

47. हाल ही में वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट-2017 निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित किया गया?
   (a) संयुक्त राष्ट्र (UN)
   (b) विश्व आर्थिक मंच (WEF)
   (c) विश्व बैंक (WB)
   (d) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

48. यूनेस्को (UNESCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका संगठन का मुख्यालय पेरिस में स्थित है।
   2. भारत इसका पूर्णकालिक सदस्य है।
   3. इसका उद्देश्य शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रों और समुदायों के मध्य सहयोग स्थापित कर वैश्विक शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

49. भारतीय पेटेंट कार्यालय (Indian Patent Office) द्वारा इस वित्तीय वर्ष में सात वस्तुओं को भौगोलिक संकेतक (GI) का दर्जा प्रदान किया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा इन सातों में शामिल नहीं है?
   (a) गोविंदोभोग चावल (पश्चिम बंगाल)
   (b) बंगानापल्ले आम (आंध्र प्रदेश)
   (c) पोचमपल्ली इकाट (तेलंगाना)
   (d) थेवा कला (राजस्थान)


Copyright – Drishti The Vision Foundation

50. राष्ट्रीय महिला आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) यह आयोग एक सांविधिक निकाय है।
   (b) भारत सरकार का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आयोग का नोडल मंत्रालय है।
   (c) आयोग के अध्यक्ष या सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

51. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| (अनुच्छेद) | | (संबंधित राज्यों के लिये विशेष प्रावधान) |
|---|---|---|
| (a) 371 | : | महाराष्ट्र तथा गुजरात |
| (b) 371 (च) | : | सिक्किम |
| (c) 371 (ख) | : | नागालैंड |
| (d) 370 | : | जम्मू-कश्मीर |

52. पूर्वोत्तर परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इसका मुख्यालय शिलांग में है।
   2. सन् 2002 में सिक्किम को इसके 8वें सदस्य के तौर पर शामिल किया गया।
   3. इस परिषद के सदस्यों में केवल आठ राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री शामिल होते हैं।

   कूट:
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत में अवशिष्ट शक्तियाँ केंद्र एवं राज्य दोनों को दी गई हैं।
   2. समवर्ती सूची में शामिल किसी विषय पर मतभेद होने की स्थिति में केंद्र द्वारा निर्मित कानून को ही वैध माना जाएगा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

54. सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सी अर्हताएँ आवश्यक हैं?
   1. भारत का नागरिक हो।
   2. उच्च न्यायालयों में लगातार कम-से-कम 5 वर्षों तक न्यायाधीश रहा हो।
   3. राष्ट्रपति की राय में वह पारंगत विधिवेत्ता (Distinguished Jurist) हो।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अनुच्छेद-323 के अधीन स्थापित प्रत्येक अधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध सीधे सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।
   2. अनुच्छेद 227 में उच्च न्यायालय को अपने अधीनस्थ न्यायालयों के संबंध में अधीक्षण (Supervision) की शक्ति दी गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मूल संविधान में अधिकरणों (Tribunals) संबंधित कोई प्रावधान नहीं था।
   2. सभी अधिकरण न्यायालय होते हैं, जबकि सभी न्यायालय अधिकरण नहीं हो सकते।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

57. हाल ही में नई दिल्ली में प्रथम वैश्विक क्लबफुट सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें 'क्लबफुट' शब्द किससे संबंधित है?
   (a) हड्डी रोग से (b) कैंसर रोग से
   (c) फुटबॉल क्लब से (d) पर्यावरण से

58. हाल ही में मेघालय राज्य में 'चेरी ब्लॉसम' त्यौहार मनाया गया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. पतझड़ में चेरी ब्लॉसम त्यौहार मनाने वाला मेघालय दुनिया का पहला स्थान है।
   2. मेघालय का शिलॉन्ग 'चेरी' के लिये जाना जाता है।
   3. अत्यधिक वर्षा इस चेरी की फसल हेतु अति लाभदायक होती है।

   कूट:
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

59. निम्नलिखित में से कौन-सी वीटो शक्तियाँ राज्यपाल के पास होती हैं?
   1. अत्यांतिक वीटो
   2. निलंबनकारी वीटो
   3. जेब वीटो


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) धन विधेयक के मामले में विधानसभा को लोकसभा की तरह ही विशेष अधिकार दिये गए हैं।

(b) धन विधेयक के मामले में राज्यपाल को यह अधिकार है कि वह विधानमंडल को पुनर्विचार हेतु वापस भेज सके।

(c) राज्यपाल के पास धन विधेयक को स्वीकृति नहीं देने का अधिकार प्राप्त है।

(d) इनमें से कोई नहीं

61. क्षेत्रीय परिषदों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन परिषदों के निर्णयों को मानने की बाध्यता सभी राज्यों तथा केंद्र पर होती है।
2. लक्षद्वीप को उसकी भौगोलिक व सांस्कृतिक विशिष्टता के कारण किसी क्षेत्रीय परिषद में नहीं रखा गया है।
3. ये संवैधानिक निकाय हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

62. संयुक्त राज्य लोक सेवा आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट किसको सौंपता है?

(a) राष्ट्रपति (b) राज्यपाल

(c) संसद (d) इनमें से कोई नहीं।

63. किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल का दर्जा तब प्रदान किया जाता है जब-

1. लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनावों में चार या अधिक राज्यों के वैध मतों का 6% मत हासिल हुए हों।
2. किसी राज्य या राज्यों से लोकसभा की 4 सीटें प्राप्त हुई हों।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

64. 100वाँ संविधान संशोधन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) वस्तु एवं सेवा कर

(b) सहकारी समिति

(c) पंचायतों से संबंधित प्रावधानों में परिवर्तन

(d) भारतीय क्षेत्र बांग्लादेश में सौंपने का निर्णय

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सबसोनिक मिसाइल ध्वनि की गति से उड़ान भरती है।
2. अपनी गति के कारण ये मिसाइलें राडार प्रणाली की पकड़ में नहीं आतीं।
3. इन मिसाइलों के मार्ग में परिवर्तन करना सुपरसोनिक की अपेक्षा कठिन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

66. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

| (भौगोलिक संकेतक) | | (राज्य) |
|---|---|---|
| 1. वर्ली पेंटिंग | : | महाराष्ट्र |
| 2. जोयनगर का मोया | : | पश्चिम बंगाल |
| 3. मूंगा सिल्क | : | असोम |

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

67. हाल ही में अराकू घाटी (Araku Valley) में अंतर्राष्ट्रीय बलून महोत्सव का आयोजन किया गया। यह घाटी निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(a) ओड़िशा (b) कर्नाटक

(c) आंध्र प्रदेश (d) राजस्थान

68. वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. भारतीय संविधान में इस आयोग का उल्लेख अनुच्छेद 280 में किया गया है।
2. प्रत्येक पाँच वर्ष में एक वित्त आयोग का गठन संवैधानिक अनिवार्यता है।
3. 15वाँ वित्त आयोग 1 अप्रैल, 2018 से लागू होगा।

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

69. 1 अप्रैल, 2018 से भारत स्टेज VI को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इनमें भारत स्टेज (BS) का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(a) बैंकिंग व्यवस्था में सुधार

(b) वित्तीय समावेश से

(c) उत्सर्जन मानकों से

(d) सतत् विकास से



Copyright – Drishti The Vision Foundation

70. हाल ही में केंद्र सरकार ने वृहद् तटीय आर्थिक क्षेत्र बनाने को मंज़ूरी दी है। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महाराष्ट्र के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर पहला वृहद् तटीय आर्थिक क्षेत्र (CEZ) बनेगा।
2. यह सरकार की 'सागरमाला राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना' का हिस्सा है।
3. इससे बड़े पैमाने पर विनिर्माण व रोज़गार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

71. निम्नलिखित में से कौन-सा निकाय संविधानेतर निकाय नहीं है?

(a) राष्ट्रीय विकास परिषद
(b) नीति आयोग
(c) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
(d) वित्त आयोग

72. केंद्रीय सतर्कता आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) इस आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(b) कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् इसके सदस्य पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं।
(c) इसके अध्यक्ष के वेतन-भत्ते संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के समान होते हैं।
(d) इनमें से कोई नहीं।

73. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

| (संशोधन) | | (शामिल विषय) |
|---|---|---|
| (a) 42वाँ | : | मौलिक कर्त्तव्य |
| (b) 52वाँ | : | दसवीं अनुसूची |
| (c) 74वाँ | : | पंचायत से संबंधित प्रावधान |
| (d) 101वाँ | : | वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम |

74. दोहरा कराधान निषेध समझौता (DATT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समझौता कर की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाता है, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलता है।
2. इसके तहत भारत सरकार किसी भी देश या क्षेत्र से यह समझौता करके कर संग्रहण की बाधाओं को दूर करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

75. हाल ही में केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता निम्नलिखित में से कौन करेगा?

(a) वाई. वी. रेड्डी (b) एन. के. सिंह
(c) के. सी. पंत (d) पी. प्रजापति

76. नवंबर, 2017 में 15वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 12वें पूर्वी एशिया सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?

(a) अस्ताना (b) नई दिल्ली
(c) बीजिंग (d) मनीला

77. हाल ही में सम्पन्न चतुष्कोणीय वार्ता- QUAD में निम्नलिखित में से कौन-से देश शामिल थे?

(a) भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया
(b) चीन, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया
(c) चीन, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया
(d) पाकिस्तान, चीन, जापान, रूस

78. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (Foreign Exchange Management Act-FEMA) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) इसे विदेशी मुद्रा बाज़ार में लेन-देन को उदार बनाने के उद्देश्य से सन् 2000 में लागू किया गया।
(b) यह अधिनियम फेरा (FERA) की अपेक्षा अधिक कठोर है।
(c) इसके तहत पाँच हज़ार डॉलर तक की राशि आरबीआई (RBI) की अनुमति के बिना दान के रूप में प्रेषित की जा सकेगी।
(d) इनमें से कोई नहीं

79. भुगतान बैंक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. यह बैंक सामान्य बैंक की तरह कार्य करता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेश को बढ़ाना है।
2. ये बैंक अधिकतम 1 लाख तक जमा स्वीकार कर सकते हैं।
3. ये क्रेडिट कार्ड भी जारी कर सकते हैं।

कूट:

(a) केवल 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

80. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (विषय) | सूची-II (अनुच्छेद 6) |
|---|---|
| A. राष्ट्रपति पर महाभियोग | 1. 368 |
| B. धन विधेयक | 2. 263 |
| C. अंतर्राज्यीय परिषद | 3. 61 |
| D. संविधान संशोधन | 4. 110 |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

81. 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक सांविधिक, स्वायत्त निकाय है।
   2. यह आयोग देश में मानवाधिकारों के संरक्षण का प्रहरी है।
   3. इस आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 3
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

82. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) राज्य लोक सेवा आयोग प्रत्येक वर्ष अपने कार्यो की रिपोर्ट राज्यपाल को देता है।
   (b) राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या निर्धारित करना राज्यपाल के स्वविवेक पर निर्भर है।
   (c) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की सेवा-शर्तें निर्धारित करने का अधिकार संसद को है।
   (d) इनमें से कोई नहीं

83. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
   1. इसका गठन 1972 में स्कॉटहोम में मानव पर्यावरण पर हुई कॉन्फ्रेंस के परिणामस्वरूप हुआ।
   2. इसका मुख्यालय नैरोबी (केन्या) में है।
   3. इस संस्था द्वारा ही ग्लोबल-500 पुरस्कार भी दिया जाता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

84. उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश की सीमा के पास इलाहाबाद के निकट किस जीव के संरक्षण के लिये एक वन्यजीव संरक्षण रिज़र्व बनाया जा रहा है?
   (a) बाघ
   (b) काला हिरण
   (c) तेंदुआ
   (d) चिम्पैंजी

85. जंगली जानवरों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर सम्मेलन का बारहवाँ सत्र (conference of the Parties to the Convention on the conservation of Migratory Species of Wild Animal - 12), जिसे बॉन कन्वेंशन (Bonn Convention) के रूप में भी जाना जाता है, निम्नलिखित में से कहाँ आयोजित किया गया?
   (a) मनीला (b) नई दिल्ली
   (c) बीजिंग (d) मास्को

86. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

| | (संशोधन) | | (भाषा) |
|---|---|---|---|
| 1. | 21वाँ संविधान संशोधन | - | सिन्धी |
| 2. | 61वाँ संविधान संशोधन | - | कोंकणी |
| 3. | 92वाँ संविधान संशोधन | - | मैथिली |

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. धुंध धुँए और कुहरे का मिश्रण होता है।
   2. धुंध में बारीक कण और ग्राउंड लेवल ओज़ोन सम्मिलित होते हैं।
   3. कोहरा, ज़मीन के नज़दीक पानी की बूंदों के निलंबन का परिणाम है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

88. नवम्बर में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) का 23वाँ सम्मेलन (COP-23) कहाँ आयोजित किया गया था?
   (a) बॉन (जर्मनी) (b) मनीला (फिलीपींस)
   (c) न्यूयॉर्क (अमेरिका) (d) मास्को (रूस)

89. सल्फर डाईऑक्साइड के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) यह तीव्र गंधयुक्त विषैली गैस है।
   (b) इसके कारण अम्लवर्षा एवं धुंध जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।
   (c) यह वातावरण के प्रदूषक पार्टिकुलेट मैटर (PM) में कमी करता है।
   (d) इसका उत्सर्जन कोयले के जलने एवं औद्योगिक क्रियाओं से होती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

90. हाल ही में क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. इस मिसाइल को भारत और फ्रांस के संयुक्त उपक्रम द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह विश्व की तीव्रतम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है।
3. यह ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक गति से उड़ान भर सकती है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

91. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन के द्वारा साधारण चुनावों में मतदान के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया गया?

(a) 61वाँ, 1988 (b) 44वाँ, 1978
(c) 24वाँ, 1971 (d) 42वाँ, 1976

92. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| **(वन्यजीव अभयारण्य)** | | **(राज्य)** |
|---|---|---|
| (a) वेलावदान | : | गुजरात |
| (b) रानीबेन्नुर | : | कर्नाटक |
| (c) ग्रेट इंडियन | : | महाराष्ट्र |
| (d) कैमूर | : | मध्यप्रदेश |

93. टलानोआ वार्ता (Talanoa Dialogue) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(a) जलवायु परिवर्तन (b) आतंकवाद
(c) खाद्य सुरक्षा (d) वैश्विक शांति

94. संघ सूची के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) इस संबंध में कानून बनाने की अनन्य शक्ति केंद्र के पास है।
(b) इसमें केवल राष्ट्रीय महत्त्व के विषय आते हैं।
(c) वर्तमान में इसमें 100 प्रविष्टियाँ सम्मिलित है।
(d) 'शिक्षा' विषय को इस सूची के अंतर्गत रखा गया है।

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 249 संसद को राज्य-सूची के किसी विषय पर कानून बनाने से संबंधित है।
2. अनुच्छेद-360 वित्तीय आपातकाल से संबंधित है।

निम्न उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

96. अखिल भारतीय सेवाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) इनके लिये चयन व प्रशिक्षण का कार्य केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
(b) इन सेवाओं में नियुक्त अधिकारी केवल केंद्र के अधीन कार्य करता है।
(c) भारत में मूलत: 2 अखिल भारतीय सेवाएँ थीं।
(d) ये सेवाएँ केंद्र सरकार को राज्यों को नियंत्रित करने की शक्ति प्रदान करती हैं।

97. विवेकाधीन अनुदानों की चर्चा निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में की गई है?

(a) अनुच्छेद 276
(b) अनुच्छेद 280
(c) अनुच्छेद 282
(d) अनुच्छेद 290

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिल्ली का उप-राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण करता है।
2. दिल्ली की जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों की उपस्थिति नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

99. तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई शहर को हाल ही में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में योगदान हेतु क्रियेटिव शहरों के नेटवर्क में शामिल किया गया है?

(a) संगीत
(b) स्वच्छता
(c) साहित्य
(d) फिल्म

100. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. अनुच्छेद-169 संसद को यह शक्ति देता है कि किसी राज्य में विधान परिषद का सृजन कर सके या उसे समाप्त कर सके।
2. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों को पद से हटाने का अधिकार सिर्फ राज्यपाल को है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2



Copyright – Drishti The Vision Foundation